आज का मौसम

अधिकतम 36° C
न्यूनतम 28° C
सूर्य अस्त (आज) 7:22
सूर्य उदय (कल) 5:34

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 301 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

रविवार
19 जुलाई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


**अनमोल वचन**

"अगर धन दूसरों की भलाई करने में काम आए, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।"

## जंतर-मंतर पर अभिजीत दीपके पर स्याही फेंकी, प्रदर्शन के बीच मचा हड़कंप

## सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ी, सफदरजंग अस्पताल में भर्ती पत्नी ने दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने की उठाई मांग

**संवाद न्यूज एजेंसी**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को संबोधित करते समय एक महिला ने उन पर स्याही फेंक दी। घटना के बाद प्रदर्शन स्थल पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अभिजीत दीपके मंच से प्रदर्शनकारियों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एक महिला अचानक उनके करीब पहुंची और उन पर स्याही फेंक दी। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और समर्थकों ने तत्काल महिला को पकड़ लिया, जिसके बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया। घटना के चलते कार्यक्रम कुछ देर के लिए बाधित रहा।

अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला ने यह कदम किस कारण से उठाया। इस बीच घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।



**सोनम वांगचुक की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती :** इसी दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें शनिवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके अस्पताल पहुंचने के बाद जंतर-मंतर और अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, वांगचुक को अस्पताल ले जाते समय कुछ प्रदर्शनकारियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिससे कुछ समय के लिए हल्की अफरा-तफरी की स्थिति बनी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बलों की भी तैनाती की गई है।

**पत्नी ने उठाए इलाज पर सवाल :** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि डी. अंगमो ने अस्पताल प्रशासन को पत्र लिखकर उन्हें दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल ने मेडिकल जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध नहीं कराई और उनके निजी चिकित्सकों को भी वांगचुक से मिलने की अनुमति नहीं दी गई।

परिवार के अनुसार, सोनम वांगचुक का पोटेशियम स्तर 4.3 से घटकर 2.9 रह गया है, जिसे गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। परिवार ने बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

**प्रशासन की स्थिति पर नजर :** फिलहाल, अभिजीत दीपके पर स्याही फेंकने की घटना और सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पूरे घटनाक्रम के बाद जंतर-मंतर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है।

## संक्षिप्त न्यूज

### इंडिया पोस्ट के लिए बनेगा नया शुभंकर, डाक विभाग ने शुरू की राष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता




नई दिल्ली। संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट के आधिकारिक शुभंकर के डिजाइन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता शुरू की है। यह प्रतियोगिता इनोवेट इंडिया माईगॉव प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के नागरिकों को ऐसा रचनात्मक शुभंकर तैयार करने के लिए आमंत्रित किया गया है जो इंडिया पोस्ट के विश्वास, विश्वसनीयता, सेवा, समावेशिता और डिजिटल नवाचार जैसे मूल्यों को दर्शाता हो। प्रतियोगिता के लिए कुल 2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि घोषित की गई है।

डाक विभाग के अनुसार प्रतियोगिता 15 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक चलेगी। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपना मौलिक शुभंकर डिजाइन, उसका उपयुक्त नाम और एक संक्षिप्त अवधारणा पत्र माईगॉव प्लेटफॉर्म पर जमा करना होगा। यह प्रतियोगिता सभी भारतीय नागरिकों के लिए खुली है।

प्रतियोगिता में तीन सर्वश्रेष्ठ शुभंकर डिजाइनों को क्रमशः 75,000 रुपये, 50,000 रुपये और 25,000 रुपये के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं, तीन सर्वश्रेष्ठ शुभंकर नामों के लिए 25,000 रुपये, 15,000 रुपये और 10,000 रुपये के पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। सभी विजेताओं को सम्मानस्वरूप प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

डाक विभाग ने बताया कि चयनित शुभंकर को इंडिया पोस्ट का आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। इसका उपयोग विभाग के प्रचार अभियानों, डाक टिकटों से जुड़े उत्पादों, जन-जागरूकता कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों, सोशल मीडिया और अन्य आधिकारिक संचार माध्यमों में किया जाएगा।

डाक विभाग ने छात्रों, डिजाइनरों, कलाकारों और रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। विभाग का उद्देश्य इंडिया पोस्ट की पहचान को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप प्रदान करना है। प्रतियोगिता से संबंधित सभी दिशा-निर्देश, नियम एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी इनोवेट इंडिया माईगॉव प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।


दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें newseditor.jeetsamachar@gmail.com पर ई-मेल करें। खबर और विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें : 9803025111, 8878400009, 9803589008.


## विक्रम-1 की ऐतिहासिक उड़ान, स्काईरूट एयरोस्पेस को देशभर से बधाइयाँ

**संवाद न्यूज एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत के पहले निजी तौर पर विकसित प्रक्षेपण यान विक्रम-1 की सफल लॉन्चिंग के बाद देशभर में उत्साह का माहौल है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर केंद्र सरकार के वरिष्ठ नेताओं ने स्काईरूट एयरोस्पेस की टीम को बधाई देते हुए इसे भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए नया मील का पत्थर बताया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर कहा कि विक्रम-1 का सफल प्रक्षेपण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतरिक्ष क्षेत्र को अधिक सुलभ, आत्मनिर्भर और नवाचार-आधारित बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह सफलता भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी और वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा को और मजबूत करेगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी स्काईरूट एयरोस्पेस को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विक्रम-1 की सफलता भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि



भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र तकनीकी उत्कृष्टता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इसे भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह मिशन देश के युवाओं की प्रतिभा, नवाचार और उद्यमशीलता का शानदार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुधारों और नीतिगत समर्थन के कारण भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि विक्रम-1 की सफलता से भारत के निजी अंतरिक्ष उद्योग को नई गति मिलेगी और भविष्य में वैश्विक वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में देश की हिस्सेदारी और मजबूत होगी। यह उपलब्धि भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी देशों की कतार में और मजबूती से खड़ा करती है।

## पीएम मोदी ने जालंधर में संत निरंजन दास जी से की मुलाकात, समाज सेवा और आध्यात्मिक योगदान की सराहना

**जीत समाचार ब्यूरो**

जीत समाचार जालंधर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब दौरे के दौरान जालंधर में संत निरंजन दास जी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आध्यात्मिक जागरूकता, सामाजिक सद्भाव और समाज सेवा के क्षेत्र में संत निरंजन दास जी के योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यों को प्रेरणादायक बताया।



प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए लिखा कि जालंधर में संत निरंजन दास जी से मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात रही। उन्होंने कहा कि संत निरंजन दास जी वर्षों से आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं, जिससे समाज को सकारात्मक दिशा मिल रही है।

पंजाब दौरे के दौरान हुई इस मुलाकात में प्रधानमंत्री और संत निरंजन दास जी के बीच आध्यात्मिक मूल्यों, सामाजिक उत्थान और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि संत निरंजन दास जी के मार्गदर्शन और सेवा कार्य समाज में सद्भाव, भाईचारे और मानवता की भावना को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

## रामनगर-देहरादून के बीच पहली सीधी एक्सप्रेस ट्रेन शुरू, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

नई दिल्ली/देहरादून। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से रामनगरदूदेहरादून एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रामनगर और देहरादून के बीच चलने वाली पहली सीधी एक्सप्रेस ट्रेन है, जिससे उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्रों के बीच रेल संपर्क को नई मजबूती मिलेगी।






इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि नई एक्सप्रेस सेवा राज्य के लोगों को तेज, सुविधाजनक और विश्वसनीय रेल यात्रा का विकल्प उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन पर्यटन, व्यापार और स्थानीय लोगों की आवाजाही को भी बढ़ावा देगी।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ऋषिकेश रेलवे स्टेशन को हरिद्वार स्टेशन पर बढ़ते यात्री दबाव को कम करने के लिए एक फीडर स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में रेलवे के आधुनिकीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है और राज्य के 11 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी वीडियो कहन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने नई रेल सेवा को राज्य के विकास और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त किया।

नई रामनगर/देहरादून एक्सप्रेस से प्रदेश के यात्रियों को सीधी रेल सुविधा मिलने के साथ-साथ धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी पहले से अधिक आसान होने की उम्मीद है।

## अहमदाबाद की अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग, 8 मजदूरों की दर्दनाक मौत, 10 घायल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में शनिवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। आग की चपेट में आने से 8 लोगों की झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई है।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा महमूदपुरा स्थित टैलेंट पटाखा फैक्ट्री में हुआ। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री का लाइसेंस पहले ही रद्द किया जा चुका था, लेकिन इसके बावजूद वहां कथित रूप से अवैध रूप से पटाखों का निर्माण जारी था। फैक्ट्री का संचालन मेहुल डोडिया नामक व्यक्ति द्वारा किए जाने की बात सामने आई है।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की पांच से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत एवं बचाव दल ने मलबे से कई लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में दो मासूम बच्चियां भी गंभीर रूप से झुलस गईं, जिन्हें अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पुलिस ने मामले में आगरामोल पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और अवैध रूप से फैक्ट्री संचालन की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने हादसे के कारणों की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## सिलीगुड़ी में बीएसएफ शिविर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह, सीमावर्ती सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा



**संवाद न्यूज एजेंसी**

सिलीगुड़ी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित जुमागाछ सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) शिविर का दौरा कर सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों और जवानों से मुलाकात कर सीमा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

दौरे के दौरान गृह मंत्री ने बीएसएफ परिसर में पौधारोपण किया और प्रहरी सम्मेलन में भी भाग लिया। उन्होंने सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाने, आधुनिक संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा जवानों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण प्रणाली और कानून-व्यवस्था की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। गृह मंत्री ने अधिकारियों को सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए।

अमित शाह ने बीएसएफ जवानों के साहस, समर्पण और राष्ट्र की सुरक्षा में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों का मनोबल और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार सीमाओं की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाती रहेगी।

## चीन में भारी बारिश के बाद भूस्खलन का कहर, 8 की मौत, 34 लोग लापता



**संवाद न्यूज एजेंसी**

बीजिंग। चीन के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में भारी बारिश के बाद आए भीषण भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। चोंगकिंग नगर क्षेत्र के पेंगशुई काउंटी में हुए इस हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 अन्य लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत एवं बचाव अभियान युद्ध स्तर पर जारी है।

सरकारी मीडिया के अनुसार भूस्खलन की चपेट में आने से 10 से अधिक आवासीय इमारतें मलबे में दब गईं। बचाव दल ने अब तक 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक वूजियांग नदी के निकट लगातार हो रही भारी बारिश के कारण पहाड़ी क्षेत्र में भूस्खलन हुआ। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित इलाके में बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

सरकारी प्रसारक चाइना सेंट्रल टेलीविजन के अनुसार बचाव कार्य में 800 से अधिक राहतकर्मी, भारी मशीनें और आपदा प्रबंधन टीमें जुटी हुई हैं। मलबे में फंसे लोगों की तलाश लगातार जारी है।

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से प्रभावित क्षेत्र से दूर रहने और मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि लापता लोगों की तलाश जारी है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर –
## 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो।'

# नीट पेपर लीक विवाद: छात्रें के गुस्से की गूंज, जंतर-मंतर बना आंदोलन का केंद्र

नई दिल्ली। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर देशभर में छात्रों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। पेपर लीक के आरोपों और परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर उठे सवालों के बीच राजधानी दिल्ली का जंतर-मंतर विरोध प्रदर्शनों का प्रमुख केंद्र बन गया है। बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और युवा संगठन न्याय और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि मेहनत और वर्षों की तैयारी के बाद परीक्षा देने वाले लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। छात्रों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और परीक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाया जाए।

छात्रों की मांग-पारदर्शी व्यवस्था हो सुनिश्चित

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मेडिकल प्रवेश जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी तरह की अनियमितता से प्रतिभाशाली छात्रों का भरोसा टूटता है। छात्रों ने सरकार और जांच एजेंसियों से अपील की है कि मामले की गहराई से जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए।

जंतर-मंतर पर बढ़ी हलचल

दिल्ली के जंतर-मंतर पर लगातार हो रहे प्रदर्शनों में छात्रों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं। कई छात्र संगठनों ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए परीक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई है। प्रदर्शन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई है।

सरकार और जांच एजेंसियों की नजर

नीट विवाद को लेकर जांच एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। सरकार की ओर से भी परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए कदम उठाने की बात कही गई है। हालांकि छात्रों का कहना है कि उन्हें केवल आश्वासन नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई चाहिए।

युवाओं के भविष्य का सवाल

नीट देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसमें लाखों छात्र डॉक्टर बनने के सपने के साथ शामिल होते हैं। ऐसे में परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखना शिक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।


छात्रों का सवाल-मेहनत का हक कब मिलेगा?

**कमल पवार सम्पादक जीत समाचार**

# आज की प्रमुख हस्ती

## 'रंगों से इतिहास लिखने वाला हिमाचल का महान कलाकार -शोभा सिंह'

## हिमाचल की धरती से निकला वह कलाकार, जिसने पहाड़ी संस्कृति को दी विश्व पहचान



पालमपुर (हिमाचल प्रदेश)। भारतीय कला जगत में हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करने वाले महान चित्रकार शोभा सिंह ने अपनी अद्भुत कला से भारतीय संस्कृति, लोक जीवन और आध्यात्मिक भावनाओं को कैनवास पर जीवंत कर दिया। उनकी बनाई हुई तस्वीरें आज भी देश-विदेश में भारतीय कला की पहचान मानी जाती हैं।

कला के क्षेत्र में अमिट योगदान : शोभा सिंह का जन्म 29 नवंबर 1901 को पंजाब के श्री हरगोबिंदपुर में हुआ था। बचपन से ही उन्हें चित्रकला में गहरी रुचि थी। उन्होंने अपनी कला साधना के माध्यम से भारतीय इतिहास, धर्म और संस्कृति से जुड़े अनेक चित्र बनाए, जो आज भी लोगों को आकर्षित करते हैं।

उनकी सबसे प्रसिद्ध कृतियों में गुरु नानक देव जी, गुरु गोबिंद सिंह जी, शिव-पार्वती, कांगड़ा शैली और भारतीय लोक संस्कृति से जुड़े चित्र शामिल हैं। उनकी चित्रकला में भावनाओं की गहराई और आध्यात्मिकता साफ दिखाई देती है।

अंद्रेटा बना कला का तीर्थ स्थल : हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के अंद्रेटा गांव को शोभा सिंह ने अपनी कर्मभूमि बनाया। यहां स्थापित उनकी कला दीर्घा आज कलाकारों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। देश-विदेश से लोग उनकी कला को देखने के लिए अंद्रेटा पहुंचते हैं।

कांगड़ा घाटी से जुड़ी उनकी पहचान : शोभा सिंह ने हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता, लोक संस्कृति और परंपराओं को अपनी चित्रकला में स्थान दिया। उनके चित्रों में पहाड़ों की सादगी, भारतीय नारी की सुंदरता और धार्मिक आस्था का अनोखा संगम देखने को मिलता है।



सम्मानों से नवाजा गया जीवन : उनके कला क्षेत्र में योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन भारतीय कला को समर्पित कर दिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बन गए।

आज भी जीवित है उनकी कला : 15 अगस्त 1986 को शोभा सिंह का निधन हुआ, लेकिन उनकी कला आज भी जीवंत है। उनकी बनाई पेंटिंग्स भारतीय कला की अमूल्य धरोहर हैं और कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं।

**लेखक : अभिषेक न्यूज एडिटर जीत समाचार**

## महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर (भारत)

### 1. आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (पुलिस, फायर, और एंबुलेंस)

| नंबर | सेवा |
|---|---|
| 112 | आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (पुलिस, फायर, और एंबुलेंस) |
| 100 | पुलिस (Police) |
| 101 | फायर ब्रिगेड (Fire Brigade) |
| 102 / 108 | एम्बुलेंस सेवा (Ambulance) |
| 1091 | महिला हेल्पलाइन (Women Helpline) |
| 1098 | चाइल्ड हेल्पलाइन (Child Helpline) |
| 104 | स्वास्थ्य हेल्पलाइन (Health Helpline/Medical Advice) |
| 1915 | पर्यटन हेल्पलाइन (Tourist Helpline) |
| 1930 | साइबर अपराध (Cyber Crime) |
| 139 | रेलवे पूछताछ / सुरक्षा (Railway Enquiry / Security) |
| 1363 | पर्यटन हेल्पलाइन (Tourist Helpline) |
| 1033 | सड़क दुर्घटना या राष्ट्रीय राजमार्ग आपातकाल (Road Accident / National Highway Emergency) |
| 14567 | बुजुर्ग हेल्पलाइन (Elder Line) |
| 1551 | किसान कॉल सेंटर (Kisan Call Center) |
| 1906 | गैस सिलेंडर (LPG) रिसाव या आपातकाल (LPG Gas Leak / Emergency) |

### 2. राज्य / बिजली बोर्ड हेल्पलाइन नंबर (टोल-फ्री)

| राज्य | हेल्पलाइन नंबर (टोल-फ्री) | वैकल्पिक संपर्क नंबर / वैबसाइट |
|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश (HPSEBL) | 1912 | 1800-180-8060 \| www.hpseb.in |
| उत्तर प्रदेश (UPPCL / अन्य) | 1912 | 1800-180-8752 \| www.uppcl.org |
| दिल्ली (BSES/TPDDL) | 1912 | वेबसाइट के माध्यम से चैटबॉट सपोर्ट www.bsesdelhi.com / www.tatapower-ddl.com |
| पंजाब (PSPCL) | 1912 | 1800-180-1512 \| www.pspcl.in |
| हरियाणा (DHBVN/UHBVN) | 1912 | 1800-180-1833 \| www.dhbvn.org.in / www.uhbvn.com |
| मध्य प्रदेश (MPPKVVCL) | 1912 | 1800-233-1266, WhatsApp: 9425807257 www.mpez.co.in |
| उत्तराखंड (UPCL) | 1912 | 1800-419-0405 \| www.upcl.org |

### 3. राज्यवार जल हेल्पलाइन नंबर

| राज्य / विभाग | हेल्पलाइन नंबर | विवरण / वेबसाइट |
|---|---|---|
| केंद्रीय / राष्ट्रीय | 1800-121-2164 | जल जीवन मिशन का टोल-फ्री नंबर \| www.jaljeevanmission.gov.in |
| हिमाचल प्रदेश (स्थानीय) | 1800-180-8009, 1100 | जल शक्ति विभाग (SNK), शिकायत निवारण केंद्र |
| दिल्ली | 1916 | दिल्ली जल बोर्ड (24x7) \| www.delhijalboard.nic.in |
| उत्तर प्रदेश | 1076 | सीएम हेल्पलाइन (CM Helpline) \| www.up.gov.in |
| बिहार | 1800-123-1121 | पीएचईडी (PHED) पेयजल शिकायत \| www.prdbihar.gov.in |
| राजस्थान | 1800-180-6088 | जलदाय विभाग (PHED) \| www.jalday.rajasthan.gov.in |
| मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (सभी राज्य) | 181 या 1902 | सभी राज्यों की शिकायत और जानकारी के लिए |

### 4. राज्यवार परिवहन (बस) हेल्पलाइन नंबर

| राज्य / निगम | हेल्पलाइन नंबर | विवरण / उपयोग |
|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश (HRTC) | 1100, 1800 180 8185 | 24/7 हेल्पलाइन, पूछताछ और शिकायत निवारण |
| दिल्ली (DTC) | 011-22968836 | आईएसबीटी (ISBT) पूछताछ |
| उत्तर प्रदेश (UPSRTC) | 149, 1800 1800 151 | 24/7 टोल-फ्री सुविधा |
| राजस्थान (RSRTC) | 181 | मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता |
| चंडीगढ़ (CTU) | 1800 274 7400 | टोल फ्री नंबर |

इन हेल्पलाइन नंबरों को सेव करें और जरूरत पड़ने पर उपयोग करें। यह आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

# एक पुलिस, एक संकल्प-ड्रग्स मुक्त हरियाणा अभियान को मिली नई दिशा, सीएम नायब सिंह सैनी ने की कई बड़ी घोषणाएं

**जीत समाचार ब्यूरों**

करनाल। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में आयोजित "एक पुलिस, एक संकल्पड्रग्स मुक्त हरियाणा" कार्यक्रम में थाना प्रभारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने सुपर-100 योजना के तहत नीट परीक्षा में सफल 70 विद्यार्थियों को बधाई दी तथा हरियाणा पुलिस विभाग की त्रैमासिक पत्रिका का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने पुलिस व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए तफ्तीश हेड के तहत उपलब्ध राशि बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये करने की घोषणा की।

इसके अलावा उन्होंने एनडीपीएस मामलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों के लिए अलग पुरस्कार नीति लागू करने, ड्यूल पर्पज ड्रग्स की एंड-टू-एंड मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित करने तथा प्रत्येक जिले में आधुनिक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र स्थापित करने की घोषणा की।




मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए ड्यूटी मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर विकसित करने तथा गैंगस्टरों के महिमामंडन पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी करने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि जो थाना प्रभारी अपने क्षेत्र को नशामुक्त क्षेत्र बनाने में सफल होंगे, उन्हें राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

# विद्यालयों में बेहतर शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं पर सरकार का जोर, डीसी झज्जर ने की योजनाओं की समीक्षा



जीत समाचार झज्जर। झज्जर की उपायुक्त श्रीमती वर्षा खांगवाल ने समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएम पोषण (मिड-डे मील) योजना की समीक्षा बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर आधारभूत सुविधाओं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त ने ड्रॉपआउट और आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डीसी ने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल शिक्षा, समावेशी शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षकों को अभिभावकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जा सके।

उन्होंने पीएम पोषण योजना के तहत विद्यार्थियों को पौष्टिक, ताजा और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। साथ ही रसोईघरों की साफ-सफाई, खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण, पेयजल और स्वच्छता व्यवस्थाओं की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उपायुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों का स्वास्थ्य, पोषण और सर्वांगीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों की नियमित निगरानी करने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संबंधित विभागों के बेहतर समन्वय से सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# युक्तधारा प्रशिक्षण का समापन, जीआईएस तकनीक से ग्राम पंचायतों की निगरानी होगी और प्रभावी

**जीत समाचार ब्यूरों**

नीलोखेड़ी/करनाल। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में युक्तधारा कार्यक्रम के तहत आयोजित जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत निगरानी प्रशिक्षण का समापन पौधारोपण एवं पौधों की जियो-टैगिंग के साथ हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में डिजिटल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना और विकास कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना था।

समापन समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों की संवाहक भी है। उन्होंने अधिकारियों से तकनीकी दक्षता के साथ-साथ भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर भी बल दिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भौगोलिक सूचना प्रणाली, डिजिटल मैपिंग और जियो-टैगिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों को बताया गया कि इन तकनीकों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निगरानी अधिक पारदर्शी, सटीक और प्रभावी ढंग से की जा सकती है।

कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया तथा लगाए गए पौधों की जियो-टैगिंग भी की गई, ताकि उनकी नियमित निगरानी और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण को ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।



# हरियाणा पुलिस के 82 अमर शहीदों को श्रद्धांजलि, डीजीपी अजय सिंघल ने अर्पित किया पुष्पचक्र

**जीत समाचार ब्यूरों**

करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन स्थित पुलिस शहीद स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल ने कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले हरियाणा पुलिस के 82 अमर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों का साहस और समर्पण हर पुलिस अधिकारी एवं जवान के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि शहीदों का त्याग सदैव स्मरणीय रहेगा और उनकी वीरता आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेगी।



डीजीपी ने कहा कि हरियाणा सरकार पुलिसकर्मियों के कल्याण, पुलिस बल के आधुनिकीकरण और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और जवानों से शहीदों के आदर्शों का अनुसरण करते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

समारोह में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने भी शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अद्वितीय बलिदान को नमन किया।



# अमृतसर नगर सुधार ट्रस्ट के नए चेयरमैन सरबजोत सिंह धंजल से मिले मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ, दी शुभकामनाएं

जीत समाचार ब्यूरों



अमृतसर। पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने शनिवार को नगर सुधार ट्रस्ट, अमृतसर के नवनियुक्त चेयरमैन सरबजोत सिंह धंजल से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर लोकसभा हलका अमृतसर के इंचार्ज जरनैल सिंह धोत, मार्केट कमेटी के चेयरमैन गुरविंदर सिंह, आम आदमी पार्टी के मीडिया इंचार्ज सतनाम सिंह मठारू सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और नेता भी उपस्थित रहे।

मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि सरबजोत सिंह धंजल पार्टी के समर्पित, मेहनती और लंबे समय से जुड़े कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उनकी निष्ठा, मेहनत और जनसेवा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने विश्वास जताया कि धंजल के नेतृत्व में नगर सुधार ट्रस्ट अमृतसर शहर के विकास कार्यों को नई गति देगा तथा बुनियादी ढांचे और जनकल्याण से जुड़े परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा।

वहीं, नवनियुक्त चेयरमैन सरबजोत सिंह धंजल ने पंजाब सरकार और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जताए गए विश्वास पर वह पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के मार्गदर्शन में अमृतसर के समग्र विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

## घर-घर पहुंचे छात्र, मतदाताओं को मतदान अधिकार और वोटर सत्यापन के प्रति किया जागरूक

जीत समाचार ब्यूरों तरनतारन। निर्वाचन आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन -2026 अभियान के तहत जिले में मतदाता सत्यापन को गति देने के लिए स्कूलों के विद्यार्थियों ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। छात्रों ने घर-घर जाकर लोगों को मतदान के अधिकार, मतदाता सूची सत्यापन और नए पंजीकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम जांचने, आवश्यक संशोधन करवाने और नए मतदाताओं को समय रहते पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया। घर-घर संपर्क अभियान का लोगों पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला और बड़ी संख्या में मतदाता सत्यापन प्रक्रिया में रुचि दिखा रहे हैं।

डिप्टी जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) एवं स्वीप नोडल अधिकारी राजिंदर कौर ने बताया कि जिले में वोटर वेरिफिकेशन अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए लगातार जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रविवार सहित सभी पोलिंग बूथ निर्धारित समय पर खुले रहेंगे, जहां मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर अपना सत्यापन, नाम संशोधन या नया पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर समय पर अपना मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में 100 प्रतिशत मतदाता पंजीकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह जनजागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अमृतसर में बॉर्डर पार ड्रग-हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

## 4 तस्कर गिरफ्तार, 5.557 किलो हेरोइन और 2 पिस्तौल बरामद

जीत समाचार ब्यूरों



अमृतसर। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीमा पार से चल रहे ड्रग और अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.557 किलो हेरोइन, 2 आधुनिक पिस्तौल और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि आरोपी विदेशी तस्करों के संपर्क में थे और नशे व हथियारों की खेप आपराधिक तत्वों तक पहुंचाने का काम करते थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश संधू, सुनील सरोज, हरविंदर सिंह उर्फ चमकौर और वंश सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पहले आकाश संधू को 192 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर 776 ग्राम और हेरोइन बरामद हुई। इसके बाद सुनील सरोज को 4.589 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान दो अन्य आरोपियों से 9 एमएम ग्लॉक और .30 बोर पिस्तौल बरामद की गईं। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# लुधियाना के स्कूल में 9वीं के छात्र से कथित मारपीट, शिक्षक पर गंभीर आरोप

जीत समाचार ब्यूरों



लुधियाना। लुधियाना के एक निजी स्कूल में 13 वर्षीय 9वीं कक्षा के छात्र से कथित मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र के पिता ने आरोप लगाया है कि एक शिक्षक ने उनके बेटे के साथ बेरहमी से मारपीट की और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

परिजनों के अनुसार, छात्र स्कूल से घर लौटने के बाद डरा हुआ था और उसने शिक्षक पर मारपीट का आरोप लगाया। पिता ने बताया कि छात्र के सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आई हैं।

मामले की शिकायत स्कूल प्रिंसिपल और थाना डिवीजन नंबर-8 पुलिस को दी गई है। स्कूल प्रबंधन ने शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की बात कही है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मामले में शिक्षक और स्कूल प्रबंधन से पूछताछ की जा रही है।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ओक ओवर में सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**जीत समाचार ब्यूरों**

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को अपने आधिकारिक आवास ओक ओवर में आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।

मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निपटारा सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि ष्जन-जन की समस्याओं को



समझना और उनके जीवन को अधिक सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना ही हमारी कार्यसंस्कृति का मूल मंत्र है।ष उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और लोगों को बेहतर प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## 15 अगस्त तक बंद रहेगी रंगस-कंडरोला-चौड़ू सड़क, प्रशासन ने जारी किया वैकल्पिक मार्ग

जीत समाचार हमीरपुर। जिला हमीरपुर के नादौन उपमंडल में रंगस-कंडरोला-चौड़ू सड़क पर निर्माण कार्य के चलते इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही 15 अगस्त 2026 तक बंद रहेगी। जिला प्रशासन ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत कंडरोला प्लासी में शिव मंदिर चौक के पास सड़क पर कंक्रीट सीमेंट पेवमेंट बिछाने का कार्य शुरू किया गया है। निर्माण कार्य को सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए इस सड़क के संबंधित हिस्से पर यातायात अस्थायी रूप से बंद किया गया है।

प्रशासन ने वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए हैं। इस दौरान यात्री और स्थानीय लोग बड़ा-रैल-लाहड़-चौड़ू मार्ग अथवा चौड़ू-बल्ह चौक-बाबे दी कुटिया-रैल-रंगस मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं।

जिला प्रशासन ने लोगों से सहयोग करने और निर्माण कार्य के दौरान यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि कार्य समय पर पूरा हो सके और भविष्य में क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके।

## कुल्लू में युवा आपदा मित्र स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र और किट वितरित, एनडीआरएफ ने दिया बचाव प्रशिक्षण

**जीत समाचार ब्यूरों**

कुल्लू। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), कुल्लू द्वारा ढालपुर स्थित बहुउद्देशीय भवन में युवा आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के लिए ओरिएंटेशन, प्रमाण-पत्र एवं आपदा मित्र किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने स्वयंसेवकों को खोज एवं बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू) की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में



जीवन बचाने के लिए सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) की सही प्रक्रिया का प्रदर्शन कर स्वयंसेवकों से अभ्यास भी कराया गया।

समापन समारोह में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) सुरजीत सिंह राठौर ने प्रशिक्षित युवा आपदा मित्र स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र और आपदा मित्र किट वितरित किए। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे आपदा के समय प्रशासन के सहयोगी बनकर राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने प्रशिक्षण का उपयोग लोगों को जागरूक करने तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रयासों में करें।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुल्लू ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी स्वयंसेवकों, एनडीआरएफ टीम और संबंधित विभागों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि प्रशिक्षित युवा आपदा मित्र भविष्य में जिले में आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में प्रशासन के प्रभावी सहयोगी सिद्ध होंगे।

## कैलाशपुर-पंचरुखी सड़क पर भीषण हादसा: कई पलटे खाने के बाद झाड़ियों में गिरी कार, दो युवक गंभीर घायल

जीत समाचार तिनबड(अभिषेक)। कैलाशपुर से पंचरुखी की ओर वाया मछुई जा रही एक कार शनिवार शाम करीब 5 बजे भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार के बीच चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ने से कार अचानक सड़क से फिसल गई और दो-तीन पलटे खाने के बाद गहरी झाड़ियों में जा फंसी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में दो लोग सवार थे, जो दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला गया और निजी वाहनों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान मंजू देवी, वार्ड सदस्य सपना देवी तथा समिति सदस्य राजिंद्र पाल भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में सहयोग किया। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका।

उधर, सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों ने इस सड़क पर सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने और वाहन चालकों से पहाड़ी मार्गों पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# रामपुर अस्पताल का औचक निरीक्षण, बस हादसे के घायलों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

**जीत समाचार ब्यूरों**

रामपुर। बस दुर्घटना में घायल हुए लोगों का हाल जानने के लिए संबंधित अधिकारी ने शनिवार को रामपुर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती घायलों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली गई और चिकित्सकों को उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान डक्टरों से कहा गया कि सभी घायलों को तत्काल और उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर बिना विलंब उन्हें उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया जाए।

इसके साथ ही प्रशासन और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दुर्घटना के कारणों की गहन जांच करने



तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। राहत एवं बचाव कार्यों के साथ-साथ कानूनी प्रक्रिया को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा गया है।

इस भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा गया कि दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# अमृतसर बॉर्डर पर डीआरआई का ऑपरेशन, ड्रोन से गिराए गए 2 अत्याधुनिक पिस्टल जब्त

**जीत समाचार ब्यूरों**

अमृतसर। भारत-पाक सीमा से सटे इलाके में सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने सीमावर्ती गांव मोदे के श्मशानघाट में लगाए गए ट्रैप के दौरान ड्रोन से गिराए गए दो अत्याधुनिक पिस्टल बरामद किए हैं।

**सूचना के बाद लगाया गया था ट्रैप:** सूत्रों के अनुसार, डीआरआई को इनपुट मिला था कि दिन के समय पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के जरिए हेरोइन या हथियारों की खेप भेजी जा सकती है। सूचना के आधार पर टीम ने दोपहर करीब 12 बजे ट्रैप लगाया।

कुछ देर बाद पाकिस्तान की ओर से ड्रोन भारतीय सीमा में दाखिल हुआ और एक पैकेट गिराने के बाद वापस लौट गया। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मौके से पैकेट बरामद किया, जिसमें दो पिस्टल मिलीं।



**बीएसएफ और पुलिस ने संभाला मोर्चा :** मामले की जानकारी मिलते ही बीएसएफ और पुलिस टीम को मौके पर बुलाया गया। बरामद हथियार पुलिस के हवाले कर दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब ड्रोन की गतिविधियों और इस नेटवर्क से जुड़े लोगों की जांच कर रही हैं।

**बॉर्डर इलाकों में बढ़ी ड्रोन गतिविधियां :** सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, भारत-पाक सीमा से सटे कई गांवों में ड्रोन की गतिविधियां लगातार सामने आ रही हैं। एजेंसियां पहले भी ड्रोन के जरिए भेजी गई हेरोइन और हथियारों की कई खेप बरामद कर चुकी हैं।

फिलहाल मामले की जांच जारी है और हथियारों की डिलीवरी लेने वाले लोगों की तलाश की जा रही है।

# पठानकोट-जम्मू रोड पर आग का तांडव, फायर ब्रिगेड की पहली गाड़ी हुई फेल

पठानकोट।पठानकोट-जम्मू नेशनल हाईवे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वेल्डिंग की दुकान के बाहर खड़े दो ट्रकों में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की लपटों ने दोनों ट्रकों को अपनी चपेट में ले लिया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड, लेकिन आई तकनीकी खराबी :** घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन पहली गाड़ी में तकनीकी खराबी आने के कारण राहत कार्य प्रभावित हुआ। हालात बिगड़ते देख स्थानीय लोगों ने खुद मोर्चा संभाला और बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी।

**दूसरी गाड़ी पहुंचने के बाद बुझी आग :** कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की दूसरी गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसके बाद जवानों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। फायर विभाग ने भी माना कि पहली गाड़ी में तकनीकी समस्या आ गई थी।

**एयर प्रेशर टैंक फटने से लगी आग की आशंका :** पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरुआती जांच में आग लगने का कारण एयर प्रेशर टैंक फटना बताया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन दोनों ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए

**लोगों ने उठाए सवाल :** स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से मांग की है कि आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर सिस्टम को और मजबूत किया जाए, ताकि समय रहते बड़े हादसों को रोका जा सके।

# विधायक यादविंदर गोमा ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल शिमला की रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता की, वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**जीत समाचार ब्यूरों**

शिमला। जयसिंहपुर के विधायक यादविंदर गोमा ने शनिवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल, शिमला की रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अस्पताल के विकास, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट अनुमानों पर विस्तृत चर्चा के बाद उन्हें अनुमोदित किया गया।



बैठक के दौरान विधायक यादविंदर गोमा ने अस्पताल में मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण आयुष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है और आयुष चिकित्सा सेवाओं को भी सशक्त बनाया जा रहा है।

बैठक में अस्पताल की विभिन्न विकास योजनाओं, मरीजों की सुविधा और आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा वर्ष 2026–27 के बजट प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

इस अवसर पर आयुष विभाग के सचिव, निदेशक आयुष विभाग, चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल शिमला, जिला आयुष अधिकारी सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनाली-लाहौल मार्ग पर धुंदी पुल के पास कार हादसा, दो लोग घायल, बड़ा हादसा टला

**जीत समाचार ब्यूरों**

मनाली। मनाली-लाहौल मार्ग पर धुंदी पुल के समीप शनिवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। मनाली से लाहौल की ओर जा रही एक इयहन कार अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में वाहन सवार दो लोग घायल हो गए, हालांकि दोनों की जान बाल-बाल बच गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना के समय कार में लाहौल निवासी दो व्यक्ति सवार थे। हादसे में दोनों को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों और प्रशासन की तत्परता से घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। हादसे में कार को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

घटना की सूचना मिलते ही मनाली पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायलों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई तथा यातायात व्यवस्था को भी सामान्य किया।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पुलिस ने वाहन चालकों से पहाड़ी मार्गों पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और खराब मौसम के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।



जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

# 'बंटवारा 1947' का दूसरा टीजर रिलीज, सनी देओल के दमदार डायलॉग ने बढ़ाया रोमांच



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बंटवारा 1947' का दूसरा टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर सामने आते ही सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। दमदार संवाद, भावनात्मक दृश्य और जबरदस्त एक्शन ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

टीजर की शुरुआत भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान हुए हिंसक घटनाक्रम, आगजनी और अफरा-तफरी के दृश्यों से होती है। इसके बाद सनी देओल का दमदार संवाद सुनाई देता है-'डर रहा है इंसान, मर रहा है इंसान... और मैं जीते जी मरना नहीं चाहता। मैं जिंदा हूं और जिंदा होने का सबूत दूंगा।' इसके साथ ही उनका दमदार एक्शन फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा देता है।

निर्देशक राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी यह फिल्म प्रसिद्ध लेखक असगर वजाहत के चर्चित नाटक 'जिस लाहौर नई वेख्या, ओ जम्या ए नई' से प्रेरित है। फिल्म भारत-पाकिस्तान विभाजन के दर्द, विस्थापन और मानवीय भावनाओं को बड़े पर्दे पर दर्शाने का प्रयास करती है।

फिल्म में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, अली फजल और करण देओल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 14 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दूसरे टीजर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और सोशल मीडिया पर सनी देओल के दमदार अभिनय व संवादों की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म को स्वतंत्रता दिवस से पहले रिलीज किया जा रहा है, जिससे इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

# 'धुरंधर' के बाद आदित्य धर की नई तैयारी, असम के वीर योद्धा लचित बोरफुकन पर बन सकती है फिल्म



फिल्म 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी की शानदार सफलता के बाद निर्देशक आदित्य धर के अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने महान अहोम योद्धा लचित बोरफुकन के जीवन पर एक भव्य पैन-इंडिया फिल्म बनाने की अपील की है।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक फेसबुक लाइव कार्यक्रम में बताया कि उनकी इस विषय पर आदित्य धर से फोन पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि लचित बोरफुकन के जीवन, साहस और राष्ट्र रक्षा में उनके योगदान को देशभर तक पहुंचाने के लिए बड़े बजट की फिल्म बनाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के लिए अगस्त में आदित्य धर से मुलाकात होने की संभावना है।

यदि यह परियोजना आगे बढ़ती है, तो इसका उद्देश्य असम के महानायक लचित बोरफुकन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और उनकी वीरगाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना होगा।

कौन थे लचित बोरफुकन?

लचित बोरफुकन अहोम साम्राज्य के सबसे महान सैन्य सेनापतियों में से एक माने जाते हैं। उन्होंने 1671 में सरायघाट के ऐतिहासिक युद्ध में मुगल सेना को पराजित कर असम की रक्षा की थी। उनकी रणनीति, नेतृत्व और अदम्य साहस के कारण मुगलों का असम में विस्तार रुक गया और वे भारतीय इतिहास के महान योद्धाओं में शामिल हुए।

हालांकि, आदित्य धर ने अभी तक आधिकारिक रूप से इस फिल्म की घोषणा नहीं की है। फिलहाल यह प्रस्ताव और प्रारंभिक चर्चा के स्तर पर है। यदि यह फिल्म बनती है, तो यह भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करने वाली एक महत्वाकांक्षी परियोजना साबित हो सकती है।

# आमिर खान को कथित धमकी का दावा, सोशल मीडिया पोस्ट की जांच की मांग



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान को लेकर सोशल मीडिया पर एक कथित धमकी भरा पोस्ट और ऑडियो वायरल होने का दावा किया जा रहा है। पोस्ट में अभिनेता को लेकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए धमकी दी गई है और उनकी हालिया शादी का भी उल्लेख किया गया है।


सोशल मीडिया पर प्रसारित दावों के अनुसार, यह संदेश कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े नामों के हवाले से साझा किया गया है। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही संबंधित सुरक्षा एजेंसियों या पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है।

यह घटनाक्रम आमिर खान की हालिया शादी के बाद सामने आया है। अभिनेता ने हाल ही में गौरी स्प्रैट से विवाह किया था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थीं।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कथित धमकी को लेकर अभिनेता की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है या नहीं। पुलिस और जांच एजेंसियों की आधिकारिक पुष्टि के बिना वायरल पोस्ट और ऑडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकती।

सुरक्षा से जुड़े मामलों में अफवाहों और अपुष्ट सोशल मीडिया दावों से बचने तथा केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने की सलाह दी जाती है।

# प्रियंका चोपड़ा के जन्मदिन पर 'वाराणसी' से फर्स्ट लुक जारी, राजामौली ने दिया खास सरप्राइज



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के 44वें जन्मदिन के अवसर पर फिल्म निर्माता एस. एस. राजामौली ने अपनी आगामी फिल्म 'वाराणसी' से उनका पहला लुक जारी कर प्रशंसकों को खास तोहफा दिया। फर्स्ट लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया।

जारी किए गए पोस्टर में प्रियंका चोपड़ा दमदार और एक्शन से भरपूर अंदाज में नजर आ रही हैं। ब्लैक आउटफिट में उनका नया लुक काफी प्रभावशाली दिखाई दे रहा है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार बेहद मजबूत और एक्शन प्रधान होगा।

बताया जा रहा है कि 'वाराणसी' में अभिनेता महेश बाबू भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म प्रियंका चोपड़ा के भारतीय सिनेमा में बड़े स्तर पर वापसी का प्रतीक मानी जा रही है। लंबे समय से उनके प्रशंसक उन्हें भारतीय फिल्मों में फिर से देखने का इंतजार कर रहे थे।

प्रियंका चोपड़ा ने पिछले कुछ वर्षों में हॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है और कई अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में काम किया है। अब उनके इस नए भारतीय प्रोजेक्ट को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

फर्स्ट लुक जारी होने के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने प्रियंका चोपड़ा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके नए अवतार की जमकर सराहना की। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट और अन्य कलाकारों को लेकर निर्माता की ओर से अभी विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है।

# जेनिफर विंगेट की गुपचुप शादी की चर्चा तेज, वायरल वीडियो से बढ़ीं अटकलें



टीवी अभिनेत्री जेनिफर विंगेट एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कुछ बीटीएस वीडियो के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्होंने कथित तौर पर अपने लॉन्ग-टर्म पार्टनर विलियम इश्माएल के साथ ब्रिटेन (यूके) में निजी समारोह में शादी कर ली है।

वायरल वीडियो में जेनिफर व्हाइट वेडिंग गाउन ट्राई करती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि यह उनके ब्राइडल लुक की तैयारियों का वीडियो है, जिसमें डिजाइनर उनके कस्टमाइज्ड गाउन पर काम करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर शादी की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि समारोह बेहद निजी रखा गया था, जिसमें केवल परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल हुए। हालांकि, इन दावों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जेनिफर विंगेट या कथित तौर पर उनके साथी विलियम इश्माएल की ओर से अब तक शादी को लेकर कोई आधिकारिक बयान या तस्वीरें जारी नहीं की गई हैं। ऐसे में वायरल वीडियो और सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकती।

गौरतलब है कि जेनिफर विंगेट की पहली शादी अभिनेता करण सिंह ग्रोवर से हुई थी, जिनसे वर्ष 2014 में उनका तलाक हो गया था। फिलहाल, अभिनेत्री की कथित दूसरी शादी को लेकर प्रशंसकों में उत्सुकता बनी हुई है, लेकिन आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है।